दिनांक-28दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोर जमीन मोर मकान घटक अंतर्गत निर्माणाधीन एवं निर्मित आवासों का निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज सुबह वार्ड क्रमांक 16 कुरूद क्षेत्र अंतर्गत कौशल्या निषाद, जोगाराम साहू,मोहम्मद साजिद, कौशल्या यादव, मीरा सेन, दुखित राम साहू, सुरेश विश्वकर्मा, गिरधर यादव, चंद्र विजय, मूल चंद्र विश्वकर्मा, विमला यादव, रोहित यादव, विवेक यादव एवं चित्रलेखा यादव आदि के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण मोर जमीन मोर मकान घटक के तहत किया! उन्होंने कुछ हितग्राहियों के निर्माणाधीन मकानों के नक्शे का अवलोकन किया तथा मकान की गुणवत्ता के विषय में जानकारी प्राप्त की !आयुक्त महोदय ने हितग्राहियों को प्रदान किए जाने वाले किस्त की राशि के बारे में भी जानकारी ली , संबंधित अधिकारियों को अप्रारंभ आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए ! कुछ हितग्राहियों द्वारा भूतल एवं प्रथम तल का भी निर्माण किया जा रहा है जिसमें शौचालय, खिड़की दरवाजे,सीढ़ी,स्लैब आदि का भी अवलोकन आयुक्त महोदय द्वारा किया गया इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से भी चर्चा की! उन्होंने वार्ड 16 कुरूद क्षेत्र के अधिकतम आवासों का निरीक्षण मोर जमीन मोर मकान घटक के अंतर्गत किया! आयुक्त महोदय के निर्देश पर अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कराने के लिए पूर्व में शिविर का आयोजन भी किया जा चुका है जिसमें हितग्राहियों को आवासों को प्रारंभ करने उनकी वर्तमान परिस्थितियों को समझकर निराकरण करने का कार्य भी किया गया था! मोर जमीन मोर मकान योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए जोन में विकेंद्रीकरण भी किया गया है! कुरूद में कुल 24 आवासों का कार्य पूर्ण हो चुका है , 51 आवास निर्माणाधीन है

जनसंपर्क अधिकारी!